# रुटीन स्कूल इम्युनाईज़ेशन्स

Peel Region

पील पब्लिक हेल्थ (Peel Public Health) ग्रेड 7 और पुराने योग्य विद्यार्थियों को स्कूल और कम्युनिटी क्लिनिकों में रुटीन स्कूल इम्युनाईज़ेशन लगा रही है। वैकसीन्स इनके लिए पेश की जाती हैं, मेनिंगोकोकल-C-ACYW-135, हैपेटाइटिस B (Hep B), और ह्यूमैन पैपिलोमावायरस (HPV-9)।

मेनिंगोकोकल-C-ACYW-135 वैक्सीन, ओनटैरियो में स्कूल जाने के लिए जरूरी है। Hep B और HPV-9 वैक्सीनेशन स्कूल हाजिरी के लिए वैकल्पिक हैं, लेकिन इनकी पुरजोर सलाह दी जाती है।

ये वैक्सीन्स, विद्यार्थियों के लिए बिल्कुल मुफ्त हैं। कुछ वैक्सीन्स के लिए पब्लिक तौर पर सीमित समय के लिए फंड दिया गया है और विद्यार्थी केवल निश्चित उम्र तक ही योग्य हो सकते हैं। विद्यार्थियों को तब भी इम्युनाईज़ेशन दिया जा सकता है, यदि उनके पास ओनटैरियो हेल्थ कार्ड (Ontario Health Card) नहीं है। हस्ताक्षर किए सहमति फार्म, संपूर्ण वैक्सीनेशन सीरीज के लिए वैध हैं। सहमति किसी भी समय वापस ली जा सकती है।



**मेनिंगोकोकल बीमारी** एक संक्रमण है, जो आमतौर पर बैक्टीरिया के पांच अलग-अलग समूहों के कारण होता है, जो दिमाग और रीढ़ की हड्डी के आसपास के खून या द्रव्य को संक्रमित कर देते हैं। यह बहुत ही कम होने वाली बीमारी है, लेकिन इसके लक्ष्ण बहुत जल्दी जीवन के लिए खतरा बन सकते हैं। बीमारी से पैदा होने वाली जटिलताएं दिमाग के विकार, हमेशा के लिए सुनना बंद होना, दौरे, अंग कट जाना या मौत का कारण बन सकती हैं।

**यह फैलता है,** किसी संक्रमित व्यक्ति के थूक या बलगम के सीधे संपर्क में आने से, जो चुम्बन लेने, पीने वाली चीजें, बर्तन या टुथब्रुश साझे करने से हो सकता है।

**मेनिंगोकोकल-C-ACYW-135 वैक्सीन** (Nimenrix®, Menactra®, Menveo™), बैक्टीरिया के चार ग्रुपों से सुरक्षा प्रदान करता है, जो संक्रमण पैदा करते हैं। वैक्सीन सुरक्षित है और 80 से 85% प्रभावी है।

वैक्सीन की सिंगल डोज, ओनटैरियो में स्कूल हाजिरी के लिए जरूरी है, जब तक कि विद्यार्थी को कोई वैध छूट न मिली हुई हो। इस वैक्सीन की सलाह सभी किशोरों के लिए दी जाती है, चाहे उन्होंने पहले बचपन में वैक्सीन लगवाई हो।



**हैपेटाइटिस B,** एक बहुत ही संक्रामक वायरस है, जो लिवर पर हमला करता है और लिवर की बीमारी और लिवर कैंसर पैदा करता है। इसका कोई इलाज नहीं है। ज्यादातर लोग बेहतर हो जाते हैं, लेकिन कई संक्रमित ही रहते हैं और पूरी ज़िंदगी उनके शरीर में वायरस बना रहता है।

**यह फैलता है** किसी संक्रमित व्यक्ति के खून या शरीर के द्रव्यों के सीधे संपर्क में आने से, चाहे वे बीमार दिखाई न देते हों या महसूस न करते हों। यह उस्तरे (रेजर), सुईयों या टुथब्रुशों; असुरक्षित सेक्स; और गलत ढंग से साफ किए टैटू या स्पा उपकरण साझे करने से फैल सकता है।

**हैपेटाइटिस B वैक्सीन** (Recombivax HB®® या Engerix®-B) सुरक्षित है और 95% से अधिक प्रभावी है, जब सभी डोज दी जाती हैं।

11 से 15 वर्ष की उम्र वाले विद्यार्थियों को 2 डोज की जरूरत होती है, जो 4 से 6 महीनों के अंतराल में दी जाती हैं। कमज़ोर इम्यून सिस्टम वाले या 16 वर्ष और इससे अधिक उम्र के विद्यार्थियों को तीसरी डोज की जरूरत होगी।

**ह्यूमैन पैपीलोमावायरस** (HPV) बहुत ही आम वायरस है, जो मुंह, सिर और गर्दन, गर्भाश्य और प्रजनन अंगों का कैंसर पैदा कर सकता है। कई लोगों को पता ही नहीं होता कि वे संक्रमित हैं और कभी भी लक्षण विकसित नहीं होते, इसलिए वे अनजाने में ही इसे दूसरों को पास कर सकते हैं। इसका कोई इलाज नहीं है और बिना इम्युनाईज़ेशन के, यह अंदाजा लगाया जाता है कि सक्रिय तौर पर सेक्स करने वाले 4 में से 3 कैनेडावासियों को उनकी ज़िंदगी में HPV होगा।

**यह फैलता है,** किसी संक्रमित व्यक्ति के प्रजनन अंग वाले हिस्से में त्वचा-से-त्वचा के संपर्क से या सेक्स के दौरान। HPV संक्रमण को रोकने का बढ़िया तरीका, पहली बार सेक्स करने से पहले वैक्सीन लगवाना है।


**HPV-9 वैक्सीन** (Gardasil®-9) सुरक्षित है और 95% से अधिक प्रभावी है, जब सभी डोज दी जाती हैं। यह वायरस के उन सात प्रकारों, जो कैंसर पैदा कर सकते हैं और दो प्रकारों, जो प्रजनन अंगों पर मस्से पैदा करते हैं, के विरुद्ध संक्रमण को रोकती है।

15 वर्ष से कम उम्र वाले विद्यार्थियों को 2 डोज की जरूरत होती है, जो 6 महीनों के अंतराल में दी जाती है। कमज़ोर इम्युन सिस्टम वाले या 15 वर्ष और इससे अधिक उम्र के विद्यार्थियों को तीसरी डोज की जरुरत होगी।

## मुझे वैक्सीन(वैक्सीन्स) लगने वाले दिन क्या उम्मीद की जाए?

विद्यार्थी को मेडिकल इतिहास के बारे में ये सवाल पूछे जाएं

- क्या विद्यार्थी को कोई गंभीर मेडिकल बीमारियां हैं?
- क्या विद्यार्थी को कोई ऐसी मेडिकल बीमारी है, जो उनका इम्युन सिस्टम कमज़ोर करती है और /या इम्युनोस्प्रेसेंट दवाईयां लेता है?
- क्या विद्यार्थी को कोई ज्ञात एलर्जी हैं?
- क्या विद्यार्थी को कभी वैक्सीन्स से गंभीर रिएक्शन हुए हैं? (जैसे, ऐनाफाइलेक्सिस, गमोरियां)
- क्या विद्यार्थी कभी वैक्सीनेशन्स से बेहोश हुआ है?



ज्यादातर लोगों को इम्युनाईज़ेशन वैक्सीन लगवाने के बाद कोई समस्याएं नहीं होतीं। कुछेक को सुई चुभोने वाली जगह पर बाजू में दर्द या लाली, सूजन या खुजली हो सकती है।

कभी-कभार, थकान, सिरदर्द, चक्कर आना, बेहोशी, जी मिचलाना और हल्का बुखार भी हो सकता है।



## अपने डॉक्टर को कब फोन करें

- वैक्सीनेशन के बाद एलर्जी संबंधी और तीव्र रिएक्शन बहुत ही कम होते हैं और इनमें शामिल हो सकते हैं, सांस लेने में मुश्किल, चेहरे या मुंह की सूजन, गमोरियां, दौरे, या 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बुखार।
- यदि आपको मेडिकल एमरजेंसी है तो 911 पर फोन करें।
- अपने डॉक्टर और पील पब्लिक हेल्थ को 905-799-7700, कैल्डन 905-584-2216 पर उन रिएक्शन्स की रिपोर्ट करें, जो वैक्सीन से संबंधित हो सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, इम्युनाईज़ेशन रिकॉर्डों तक ऑनलाइन पहुंच के लिए या अपडेट के लिए, या सहमति फार्म को दुबारा प्रिंट करने के लिए, **peelregion.ca/immunize** पर जाएं। या पील पब्लिक हेल्थ को **905-799-7700** पर, कैल्डन **905-584-2216** पर फोन करें।

CDS-1369-01 25/02